संख्या–वे0आ0–2–290 / दस–54(एम) 2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
सचिव, वित्त,
उ0प्र0, शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव / सचिव,
उ0प्र0 शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक : 14 जून, 2012

विषयः वेतन समिति (2008) के नवम् प्रतिवेदन (भाग–1) द्वारा वाहन चालक संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी पूर्व संस्तुतियों पर पुनर्विचार करते हुए दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वाहन चालक संवर्ग के सम्बन्ध में वेतन समिति (2008) के नवम् प्रतिवेदन (भाग–1) के माध्यम से दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों, जो पत्र संख्या–वे0आ0–2–2035 / दस–54(एम) / 2008टी0सी0, दिनांक 17 अगस्त, 2010 के माध्यम से आपको संसूचित किये गये थे, के क्रम में पुनर्विचार करते हुए समिति के पत्र दिनांक 30 नवम्बर, 2011 के माध्यम दी गयी संस्तुतियों पर निम्न निर्णय लिये गये हैं :—

(1) वाहन चालक संवर्ग के पदों को निम्नलिखित विवरण के अनुसार पुनर्गठित किया जाए :–

क्र0 सं0	पदनाम	वर्तमान वेतनमान / वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन रू0	संस्तुत वेतनमान / वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन रू0	पदों का प्रति–शत	भर्ती की प्रकिया / अर्हता
(1)	(2)	(3)		(4)	(5)
1–	वाहन चालक ग्रेड–4	3050–4590 वेतन बैण्ड–1, 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 1900	3050–4590 वेतन बैण्ड–1, 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 1900	30	वाहन चालक ग्रेड–4 के पद पर सीधी भर्ती नियमानुसार वर्तमान में निर्धारित अर्हताओं के आधार पर की जायेगी।
2–	वाहन चालक ग्रेड–3	4000–6000 वेतन बैण्ड–1, 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 2400	4000–6000 वेतन बैण्ड–1, 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 2400	30	वाहन चालक ग्रेड–3 के पद पर ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति ऐसे वाहन चालक ग्रेड–4 से की जायेगी जिन्होंने 09 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूरी कर ली हो और इस हेतु निर्धारित ट्रेड टेस्ट उत्तीर्ण कर लिया हो।

3–	वाहन चालक ग्रेड–2	4500–7000 वेतन बैण्ड–1, 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 2800	4500–7000 वेतन बैण्ड–1, 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 2800	25	वाहन चालक ग्रेड–2 के पद पर ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति ऐसे वाहन चालक ग्रेड–3 के पदधारकों से की जायेगी जिन्होंने ग्रेड–3 के पद पर 06 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा अथवा वाहन चालक ग्रेड–4 की सेवाओं को जोड़ते हुए कुल 15 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो और इस हेतु निर्धारित ट्रेड टेस्ट उत्तीर्ण कर लिया हो।
4–	वाहन चालक ग्रेड–1	5000–8000 वेतन बैण्ड–2, 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 4200	5000–8000 वेतन बैण्ड–2, 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 4200	10	वाहन चालक ग्रेड–1 के पद पर ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति ऐसे वाहन चालक ग्रेड–2 पदधारकों से की जायेगी जिन्होंने ग्रेड–2 के पद पर 03 वर्ष की सन्तोषजनक सेवा पूरी कर ली हो।
5	वाहन चालक विशेष श्रेणी	–	6500–10500 वेतन बैण्ड–2 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 4600	05	वाहन चालक विशेष श्रेणी के पद पर ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति ऐसे वाहन चालक ग्रेड–1 के पदधारकों से की जाएगी जिन्होंने ग्रेड–1 के पद पर कम से कम 01 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

(2) जिन विभागों में वाहन चालकों के पदों संख्या 10 से कम है, वहां पर इस संवर्ग के पदों का विभाजन निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :–

क0 सं0	वाहन चालकों की संख्या	पुनर्गठन के फलस्वरूप पदों की संख्या				
		वाहन चालक ग्रेड–4 3050–4590	वाहन चालक ग्रेड–3 4000–6000	वाहन चालक ग्रेड–2 4500–7000	वाहन चालक ग्रेड–1 5000–8000	वाहन चालक विशिष्ट श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1–	1	1	–	–	–	–
2–	2	1	1	–	–	–
3–	3	1	1	1	–	–
4–	4	1	1	1	1	–
5–	5	1	1	1	1	1
6–	6	2	1	1	1	1
7–	7	2	2	1	1	1
8–	8	2	2	2	1	1
9–	9	3	2	2	1	1

(3) वर्दी भत्ता तथा अन्य भत्तों के सम्बन्ध में की गयी मांगों पर भत्तों के सम्बन्ध में विचार करते समय संज्ञान लिया जायेगा।

2– कृपया वित्त विभाग के पत्र दिनांक 17 अगस्त, 2010 द्वारा संसूचित निर्णयों

को उक्त निर्णयों के अनुसार संशोधित रूप में कार्यान्वित किये जाने हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

अजय अग्रवाल
सचिव, वित्त।

संख्या–वे0आ0–2–290 (1)/दस–54(एम)/2008टी0सी0, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1– वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1
2– कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।
3– निदेशक, एन0आई0सी0, छठां तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेबसाइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार जोशी)
संयुक्त सचिव।